न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर (अलवर) राज0

पीठासीन अधिकारी :– पंकज बडगूजर (R.A.S.)

प्रार्थना पत्र सख्या	रजू दिनांक	निर्णय दिनांक
07/2021	28.01.2021	11.12.2021

: उनवान

1. प्रितम सिंह पुत्र श्री केहरसिंह उम्र करीब 50 साल जाति रायसिख निवासी रसगण तहसील मुण्डावर जिला अलवर, राज0।

–: प्रार्थी

बनाम

1. राज्य सरकार जरियें तहसीलदार महोदय मुण्डावर जिला अलवर, राज0।

–: अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 136 भू राजस्व अधिनियम 1956

....

वकील प्रार्थी :– श्री महेश यादव

–: निर्णय :–

: दिनांक :– 11.12.2021

आज यह पत्रावली राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 11.12.2021 में पेश हुई। प्रार्थना पत्र धारा अन्तर्गत 136 भू0 राजस्व अधिनियम 1956 के जरिर्ये में आराजी खसरा नम्बर 333 रकबा 1.35 है0 वाके ग्राम रसगन तहसील मुण्डावर जिला अलवर में प्रार्थी राजसिह पुत्र जगतसिंह व प्रितमसिंह पुत्र केहरसिंह सम्भाग 2/3 हिस्सा दर्ज करवाना चाहता है।

प्रार्थी द्वारा अपने प्रार्थना पत्र के समर्थन में जमाबन्दी सम्वत 2069, नकल इन्तकाल 3465 व स्वयं का हल्फनामा पेश किये गये। पत्रावली शामिल है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्ट्रर किया गया। उक्त प्रार्थना पत्र हल्का पटवारी रसगन की जॉच रिपोर्ट ली गई, हल्का पटवारी रसगन द्वारा अपनी रिपो[illegible] कराया गया है कि आराजी खसरा नम्बर 333 रकबा 1.35 है0 [illegible] प्रीतम सिंह पुत्र केहरसिंह स्वीकार हुआ लेकिन नामान्तरण संख्या [illegible]5 न्यायालय डिक्री से राजसिंह जगतसिंह प्रीतम सिंह पुत्रान केहरसिंह सहवन से दर्ज ह[illegible]या। राजसिंह जगतसिंह

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Badgujar
Date: 2022.07.26 15:39:14 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्डाधिकारी
मुण्डावर (अलवर) राज०

:

प्रीतमसिंह पुत्रान केहरसिंह के बजाय राजसिंह पुत्र जगतसिंह प्रीतम सिह पुत्र केहरसिंह किया जाना उचित है।

उभयपक्ष की सुनी गई, दौराने बहस वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्रों के जिम्मनों को दौहराते हुए आराजी खसरा नम्बर 333 रकबा 1.35 है0 वाके ग्राम रसगन तहसील मुण्डावर जिला अलवर में राजसिंह जगतसिंह प्रीतमसिंह पुत्रान केहरसिंह के स्थान पर राजसिंह पुत्र जगतसिंह, प्रितम सिह पुत्र केहर सिंह दर्ज किये जाने का निवेदन किया। वकील प्रार्थी की ध्यानपूर्वक बहस सुनी गई एवं प्रस्तुत रिकॉर्ड एवं दस्तावेजात के गहनता से अध्ययन करने पर पाया कि पट्टवारी रिपोर्ट के अनुसार शुद्धि पत्र संख्या 09 से राजसिंह पुत्र जगतसिंह प्रीतम सिंह पुत्र केहरसिंह स्वीकार हुआ था लेकिन नामान्तरण संख्या 3465 न्यायालय डिक्री से राजसिंह जगतसिंह प्रीतम सिंह पुत्रान केहरसिंह सहवन से दर्ज हो गया है। उक्त दस्तावेजात के आधार पर यह न्यायालय प्रार्थी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार योग्य पाता है।

—:: आदेश ::—

अतः प्रार्थी के प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य पाये जाने की स्थिति में स्वीकार किया जाता है एवं हाल आराजी खसरा नम्बर 333 रकबा 1.35 है0 वाके ग्राम रसगन तहसील मुण्डावर जिला अलवर में अंकित राजसिंह जगतसिंह प्रीतमसिंह पुत्रान केहरसिंह के स्थान पर राजसिंह पुत्र जगतसिंह, प्रितम सिह पुत्र केहर सिंह दर्ज रिकॉर्ड किये जाने के आदेश दिये जाते है। उपरौक्तानुसार हाल राजस्व रिकोर्ड में अमल दरामद किये जाने हेतु तहसीलदार, मुण्डावर को अहकाम जारी हो।

यह निर्णय आज दिनांक 11.12.2021 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर बाद हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी कर खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Pankaj Badgujar
Date: 2022.07.26 15:39:14 IST
Reason: SelfAttested

(... बडगूजर)
उपखण्ड अधिकारी
मुण्डावर (अलवर) राज०

उपखण्ड अधिकारी
मुण्डावर (अलवर) राज०

: